राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल राजभवन वाहन–कार्यशाला में आयोजित 'विश्वकर्मा पूजा' में शामिल हुए

पटना, 17 सितम्बर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने 'विश्वकर्मा पूजा' के सुअवसर पर आज राजभवन वाहन–कार्यशाला में आयोजित 'विश्वकर्मा पूजा समारोह' में शामिल होकर पूजा–अर्चना की।

राजभवन के वाहन–चालकों द्वारा आयोजित 'विश्वकर्मा–पूजा–समारोह' में सरीक होकर, महामहिम राज्यपाल श्री टंडन ने निर्माण एवं सृजन के देवता श्री विश्वकर्मा भगवान की पूजा करते हुए बिहारवासियों के विकास, समृद्धि और सामाजिक सद्भावना की कामना की। राज्यपाल ने इस अवसर पर सभी बिहारवासियों एवं समारोह में उपस्थित सभी राजभवन अधिकारियों एवं कर्मियों को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा नवनिर्माण और श्रम के अधिष्ठाता देवता हैं, जिनकी कृपा से बिहार प्रदेश निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।

पूजा–समारोह में शामिल होने महामहिम राज्यपाल श्री टंडन के साथ राज्य के माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय एवं प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह भी पहुँचे थे।

....